RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 43 • 25:02:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## तालाब में डूबी ट्रैक्टर ट्राली
# यूपी में कोहराम

### 24 लोगों की मौत के बाद कासगंज में मातम का माहौल





**कासगंज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटने से अब तक 24 लोगों की मौत हो गई। ट्रॉली में 54 लोग सवार थे। फिलहाल, मौके पर बुलडोजर से रेस्क्यू किया जा रहा है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एटा के जैथरा के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा स्पीड की वजह से हुआ। ड्राइवर के

**● इनमें ज्यादातर महिलाएं-बच्चे, गंगा स्नान करने जा रहे थे**

कंट्रोल खोने से ट्रैक्टर सड़क से उतरकर तालाब में जा गिरा। ये लोग माघी पूर्णिमा पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कासगंज स्थित कादरगंज घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे, तभी रियावगंज पटियाली मार्ग पर गढ़ई गांव के पास हादसा हुआ। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे। देखते-देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गए। डीएम ने अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, 24 लोगों की मौत के बाद जैथरा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के लोग उनके घरों में पहुंच गए हैं, जिनके यहां किसी की मौत हुई है। खुशी वाले गांव में रोने की आवाजें सुनाई दे रही हैं। 24 लोगों की मौत के बाद एटा के जैथरा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के लोग उनके घरों में पहुंच गए हैं, जहां पर किसी की मौत हुई है। खुशी वाले गांव में सिर्फ रोने की आवाजें सुनाई दे रही हैं। गांव की महिलाएं घरों में पहुंचकर पीड़ित परिवार को संभाल रही हैं। तालाब से 22 शवों को निकाला गया है। जिसमें कसा गांव की शकुंतला पत्नी वीरपाल, शिवानी पत्नी राजेश, गायत्री



पत्नी रजनेश, उमा देवी पत्नी शिवम, रामबेटी पत्नी खुन्नूलाल, रामलता पत्नी रनवीर, सपना पत्नी गौरव, जविता पत्नी संदीप, कुलदीप पुत्र मुकेश, कार्तिक पुत्र राजेश, अंशुली पुत्री राजेश, देवांशु पुत्र भूरे और अवनेश पुत्र राजेंद्र शामिल हैं। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ट्रॉली में सवार लोगों में कसा गांव के शिवम, उमा देवी, आर्यन, अंजलि, अनुभव, रजनी, रानी, कुंवरपाल, दीक्षा, मंडल, प्रांशु, गायत्री देवी, सतेंद्र सिंह, पुष्पा देवी, गौरव, बिट्टू पुत्र गौरव-बेटी सपना, शकुंतला देवी, मीरा देवी, दीक्षा अवनेश, दर्शनपाल, लक्ष्मी देवी, रूबी, अनमोल, देवांशु, महेंद्र पाल, शिवानी, कार्तिक, सौम्या, ओमपाल, मिथलेश, तनु, राजकुमारी, कुलदीप, कमलेश, संजीव, जविता, संजीव की बेटी पायल, रामबेटी, राजपाल, मीरा देवी, श्यामलता। रौरी गांव के राहुल, अंजली, सनी। बरार गांव के नेकराम और एक अज्ञात लड़का। खिरिया गांव के साहब सिंह और देवेंद्र सिंह थे। 5 अज्ञात भी हैं, जिनकी पहचान की कोशिश की जा रही है। कासगंज ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे में मरने वालों की संख्या 24 हो गई है। 22 लोगों की मौत कासगंज में हुई है। जबकि अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान 2 बच्चों ने दम तोड़ा है। थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी से ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर करीब 54 लोग शनिवार की सुबह गंगा स्नान के लिए गए थे। ट्रैक्टर करीब साढ़े नौ बजे गांव से निकला था। करीब साढ़े दस बजे थाना पटियाली क्षेत्र के गांव थाना दरियावगंज के बाहर पहुंचा था तो तेज रफ्तार से जा रहा ट्रैक्टर पुलिया पर अनियंत्रित हो गया।

## दिल्ली कूच 29 तक टला, 7 जिलों में इंटरनेट बैन बढ़ा

**● पंजाब चीफ सेक्रेटरी का हरियाणा को लेटर, घायल किसान को सौंपने को कहा**

**अंबाला (एजेंसी)।** किसान आंदोलन का शनिवार को 12वां दिन था। पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि इस पर उसी दिन



फैसला लेंगे। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आज शाम को कैंडल मार्च होगा। हरियाणा के 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर रोक बढ़ा दी गई है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 24 फरवरी की रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद रहेगा। वहीं आंदोलन में लापता किसान प्रितपाल के रोहतक अस्पताल में भर्ती होने की सूचना के बाद पंजाब के चीफ सेक्रेटरी अनुराग वर्मा ने हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी संजीव कौशल को लेटर लिखा है। लेटर में किसान को पंजाब को सौंपने के लिए कहा गया है। उधर, खनौरी बॉर्डर पर बठिंडा के युवा किसान शुभकरण का अभी अंतिम संस्कार नहीं हुआ है।

## एमपी में कांग्रेस की 'राम यात्रा' पर भड़के शिवराज-गिरिराज

**● बोले-भगवान को काल्पनिक बताने वाले अब कर रहे हैं राम यात्रा**

**भोपाल (एजेंसी)।** एमपी में राहुल गांधी की न्याय यात्रा 2 मार्च को मुरैना के रास्ते एंट्री कर रही है। कांग्रेस इसे लेकर तैयारियों में जुटी है। खुद कमलनाथ ने ट्वीट कर इस न्याय यात्रा में भाग लेने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए जमीन तलाश रही है। कांग्रेस के



एमपी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अब इससे आगे की रणनीति का खुलासा किया है। उन्होंने ऐलान किया है कि न्याय यात्रा के खत्म होने के बाद कांग्रेस एमपी में राम यात्रा निकालेगी। एक सवाल के जवाब में पीएम मोदी पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि जब वो कहेंगे उसी दिन राम मंदिर जाएंगे क्या। हर व्यक्ति को अपने जीवन को अपने ढंग से जीने का अधिकार है। उनके इस ऐलान के बाद बीजेपी नेता गिरिराज सिंह ने उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल तक जो लोग राम को काल्पनिक मानते थे। वो आज राम यात्रा निकालने की बात कर रहे हैं।

## हम ही जीतेंगे...

### युद्ध के दो साल पूरा होने पर बोला यूक्रेन

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के वायु सेना प्रमुख ने कहा कि सेना ने शुक्रवार को रूस को करारी शिकस्त देते हुए उसके एक विमान को मार गिराया है। जनरल मायकोला ओलेशचुक ने रूसी ए-50 विमान को मार गिराने में मदद करने के लिए यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग का आभार व्यक्त किया। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यहां युद्ध पर चर्चा हो रही



थी उस वक्त एक हवाई हमला हुआ और दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि दो नागरिक 'गंभीर रूप से घायल' हुए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। यूक्रेन की मीडिया में कुछ फुटेज दिखाए गए हैं जिसमें कथित तौर पर आजोव सागर के पूर्वी तट पर क्रास्नोडार क्षेत्र में एक बड़े युद्धक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से लगी भीषण आग दिखाई दे रही थी। रूस की सेना ने यूक्रेन के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है लेकिन क्रास्नोडर में अधिकारियों ने बताया कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

**मराठा आरक्षण**

## शिंदे सरकार पर जमकर भड़के मनोज जरांगे पाटिल

**● कहा-महाराष्ट्र की सरकार चालबाज, कर रही है साजिश**

**मुंबई (एजेंसी)।** मराठों का आरक्षण देने की मांग पर लंबे समय तक अनशन करने वाले मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की



एकनाथ शिंदे सरकार सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय को आरक्षण के लिये उनके द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को कमजोर करने के लिए 'चालबाजी और साजिश' कर रही है। जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वह रविवार को अपनी अगली कार्रवाई का खुलासा करेंगे साथ ही उन्होंने समुदाय के लोगों से वहां इकट्ठा होने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण के लिए उनके प्रयासों को विफल करने के वास्ते 'चालबाजी और साजिश' कर रही है। जरांगे ने कुनबी मराठों के 'रक्त संबंधियों' पर अधिसूचना को कानून में बदलने में देरी पर सवाल उठाया।

## राजद्रोह की जगह अब देशद्रोह, 420 भी बदलेगा

### जुलाई से लागू होंगे 3 नए क्रिमिनल लॉ, तैयारी पूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) 1 जुलाई से लागू होंगे। इन्हें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने वाला बताया जा रहा है। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है। संसद में तीनों विधेयकों पर हुई चर्चा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का जोर पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने पर नहीं, बल्कि न्याय मुहैया कराने पर है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजा को परिभाषित करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव लाना है।



### अखंडता को खतरे में डालने पर उम्रकैद

कानूनों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति अगर शब्दों या संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व या इलेक्ट्रॉनिक संचार या वित्तीय या अन्य माध्यम से जानबूझकर अलगाववाद या सशस्त्र विद्रोह या विध्वंसक गतिविधियां भड़काता या भड़काने की कोशिश करता है या अलगाववादी गतिविधियों की भावना या संप्रभुत्ता व एकता और भारत की अखंडता को खतरे में डालने के लिए उकसाता है। ऐसे कृत्य के लिए उम्रकैद की सजा हो सकती है या 7 साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। देशद्रोह से जुड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के अनुसार, अपराध में शामिल व्यक्ति को उम्रकैद की सजा या 3 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। नए कानूनों के अनुसार, राजद्रोह के स्थान पर देशद्रोह शब्द लाया गया है।

## बिलकिस बानो केस के दोषी को 10 दिन की पैरोल

### भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए गुजरात हाईकोर्ट से लगाई थी गुहार

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात हाई कोर्ट ने बिलकिस बानो केस के एक आरोपी रमेश चंदना को 20 दिन की पैरेल दी है। दोषी को यह पैरोल 5 मार्च को होने वाली अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए दी गई है। चंदना ने पिछले हफ्ते पैरोल के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले भी चंदना को लंबे समय की पैरोल मिल चुकी है। जस्टिस दिव्येश जोशी ने शुक्रवार को जारी अपने आदेश में कहा, इस आवेदन के जरिए दोषी-आवेदक अपनी बहन के बेटे के विवाह समारोह में शामिल होने के आधार पर पैरोल की प्रार्थना करता है। इस आवेदन में आग्रह किए गए आधारों को



ध्यान में रखते हुए, आवेदक-अभियुक्त को दस दिनों की अवधि के लिए पैरोल अवकाश पर रिहा करने का आदेश दिया जाता है। इससे पहले, मामले में एक अन्य दोषी प्रदीप मोधिया को गुजरात हाईकोर्ट द्वारा उसकी पैरोल याचिका की अनुमति के बाद 7 से 11 फरवरी तक पैरोल पर रिहा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में गुजरात सरकार के हलफनामे के अनुसार, चंदना ने 2008 में कैद के बाद से 1,198 दिनों की पैरोल और अनेक कारणों से 378 दिनों की छुट्टी ली थी।

### पिछले साल रिहा किए गए थे सभी आरोपी

अगस्त 2022 में, राज्य सरकार द्वारा कारावास के दौरान उनके अच्छे आचरण का हवाला देते हुए, अपनी 1992 की नीति को ध्यान में रखते हुए, आजीवन कारावास की सजा काट रहे 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को सभी 11 दोषियों की सजा में छूट को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि राज्य सरकार के पास दोषियों को समय से पहले रिहाई देने का अधिकार क्षेत्र नहीं है, क्योंकि 2002 के मामले की सुनवाई महाराष्ट्र में हुई थी। मामले के सभी 11 दोषियों ने 21 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद गोधरा शहर की एक जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था।

## यूपी में पेपर लीक के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

### 6 महीने में फिर एग्जाम, 60 हजार पद, 48 लाख छात्रों ने दी थी परीक्षा

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कर दी गई है। पेपर लीक होने का आरोप लगाकर पूरे प्रदेश में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद शनिवार 24 फरवरी को यूपी सरकार ने परीक्षा कैंसिल का फैसला लिया। 6 महीने में फिर से परीक्षा होगी। 17 और 18 फरवरी को यूपी के 75 जिलों में परीक्षा हुई थी। इसमें 48 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। पुलिस भर्ती में 60 हजार 244 पद थे। परीक्षा के दौरान 287 सॉल्वर और उनकी गैंग से जुड़े लोग पकड़े गए थे।



छात्रों का आरोप था कि परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर वॉट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुपों में सर्कुलेट हो रहा था। आरोप था कि टेलीग्राम पर 100-100 रुपए में परीक्षा के पेपर बेचे गए। इसके बाद भी परीक्षा आयोजित कराई गई। पेपर लीक को लेकर पुलिस भर्ती बोर्ड को 1500 शिकायतें मिली थीं। अब सवाल उठ रहा है कि सरकार परीक्षा भर्ती बोर्ड से जुड़े किन अधिकारियों पर गाज गिराती है। पुलिस भर्ती परीक्षा में लीक हो सकता है। इसका खुलासा परीक्षा से 14 दिन पहले ही कर दिया गया था।

## पैलेस ऑन व्हील्स ट्रेन में अब बजेगी शहनाई

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) की ओर से एक नया प्लान तैयार किया गया है। दुनिया की सबसे लग्जरी ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स के जरिए राजस्थान के हेरिटेज को प्रचारित किया जाएगा ताकि देश विदेश के लोग अपने वैवाहिक कार्यक्रम के लिए

**● प्री और पोस्ट वेडिंग शूट के साथ 7 फेरे भी होंगे, बना नया प्लान**

राजस्थान की ओर आकर्षित हो सकें। डेस्टिनेशन वेडिंग में प्रदेश को सिरमौर बनाने के लिए पैलेस ऑन व्हील्स का इस्तेमाल किया जाएगा। दुनिया की इस सबसे खूबसूरत ट्रेन में अब प्री और पोस्ट मैरिज शूटिंग की जा सकेंगी। साथ ही इस शाही ट्रेन में शादी के 7 फेरे के लिए भी प्लानिंग की जा रही है। फिलहाल आरटीडीसी की ओर से शादी के बंधन में बंधने वाले जोड़ों के लिए प्री और पोस्ट वेडिंग शूट कराए जाने का प्लान तैयार किया है। अगर यह प्रयास कारगर रहा तो संभवतया इस ट्रेन में शादी की शहनाई भी सुनाई दे सकती है। ट्रेन में मंडप भी सजाया जा सकता है और वहां 7 फेरे लिए जाने के बारे में भी विचार किया जा रहा है। इतना तो तय है कि इस रॉयल ट्रेन का सफर राजशाही सफर से कम नहीं है। राजस्थान की डिप्टी सीएम और पर्यटन मंत्री दीया



कुमारी का कहना है कि दुनिया की सबसे सुन्दर और लग्जरी ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स को डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उपलब्ध कराना आरटीडीसी का बड़ा फैसला है। आरटीडीसी के इस फैसले से राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीस लाख की विदेशी शराब जब्त-संगम घाट के पास लीची के बगीचे में उतार रही थी बड़ी खेप



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** होली को लेकर एक बार फिर जिले में शराब माफिया एक्टिव हो गए है। जिनपर नकेल कसने के लिए उत्पाद विभाग ने भी चौकसी के साथ साथ छापेमारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र के संगम घाट के पास लीची गाछी में उतर रही विदेशी शराब की एक पड़ी खेप को बरामद किया गया है। उत्पाद विभाग की छापेमारी में इस गोरखधंधे में शामिल तीन शराब माफिया को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिनसे शराब तस्करी से जुड़े इस धंधे को लेकर पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार उत्पाद विभाग की टीम ने अहियापुर थाना इलाके के संगम घाट के समीप एक लीची गाछी में उतर रही विदेशी शराब की एक बड़ी खेप को बरामद किया गया है। एक दौरान बगीचे से एक पिकअप वाहन को भी जब्त किया गया है। जिसके ऊपर विदेशी शराब लदा हुआ है। वही उत्पाद विभाग की इस छापेमारी में विदेशी शराब की इस खेप के साथ तीन शराब माफिया को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान मीनापुर के देवेंद्र भगत, अहियापुर थाना क्षेत्र के मिठनसराय निवासी विकास कुमार, और उसी गांव के रहने वाले निवास कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब की कीमत करीब 20 लाख रुपए आकी गई है। मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के उपायुक्त विजय शेखर दुबे ने बताया की इन तीनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा की होली को लेकर उत्पाद विभाग विशेष अभियान चला कर शराब माफियाओं को पकड़ने का काम करेगी।

### ऑटो से 3 लाख का गांजा बरामद-32 किलो गांजा औरंगाबाद ले जा रहे थे



**कैमूर, एजेंसी।** कैमूर जिले के उत्पाद विभाग ने 32 किलो गांजा जब्त किया है। ऑटो से गांजा ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पहाड़ी क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने कार्रवाई की। ऑटो सवार 5 लोगों को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग की टीम पूछताछ में जुटी है। जब्त गांजा 3 लाख रुपए से अधिक का है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया चैनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके से औरंगाबाद जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के दुगथुआ गांव निवासी राजकुमार पांडे और रामचंद्र यादव और चैनपुर थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी दीपक यादव, मनोज खरवार और जितेंद्र खरवार शामिल हैं। उत्पाद थाना प्रभारी भभुआ अशोक कुमार ने बताया उत्पाद विभाग ने चैनपुर थाना क्षेत्र के केवां नहर के पास वाहन जांच और तलाशी अभियान चलाया था। इसी क्रम में ऑटो को रुकवा कर जब उसकी तलाशी ली गई तो ड्राइवर के अलावा चार लोगों के पास एक बैग मिला है। सभी बैग में चार-चार पीस गांजे का पैकेट बनाया हुआ था। एक पैकेट का वजन 2 किलो था। ऑटो से कुल 32 किलो गांजा बरामद हुआ। उन सभी को गिरफ्तार कर उत्पाद थाना भभुआ लाया गया।

### कम नंबर मिलने पर अंगिका के छात्रों ने कुलपति को घेरा, किया हंगामा



**भागलपुर, एजेंसी।** टीएमबीयू के पीजी अंगिका विभाग के सेमेस्टर चार के छात्रों ने शुक्रवार को अंगिका विभाग के आगे कुलपति डॉ. जवाहरलाल का घेराव किया और हंगामा किया। वे लोग शिक्षक पर मनमानी तरीके से कम अंक देने का आरोप लगा रहे थे। अंगिका विभाग में शुक्रवार को अंगिका व्याख्यान माला-एक पर कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के बाद कुलपति जैसे ही हॉल से बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने उन्हें घेर लिया और हंगामा शुरू कर दिया। छात्रों ने शिक्षक अनिल कुमार पर आरोप लगाया और कहा कि आंतरिक परीक्षा में मनमाने ढंग से अंक दिए गए हैं। भेदभाव करते हुये किसी को 14 तो किसी को 16 अंक तो किसी को काफी अच्छे अंक दिये गये हैं। छात्रों ने शिक्षक पर यह भी आरोप लगाया है कि वह कॉपी मंगवाकर अंक दिये हैं। कुछ छात्रों ने बताया कि कम नंबर की शिकायत जब शिक्षक से की गई तो उन्होंने कहा कि जाओ कुलपति के पास वहीं निर्णय निकलेगा। विभागाध्यक्ष ने भी शिकायत पर कुलपति के पास अपनी बात रखने को कहा।

# जवान ने गोली खाकर भी बैंक लुटने से बचाई

## मुजफ्फरपुर में 5 अपराधियों को सवा मिनट रोके रखा; मैनेजर ने बजाया अलार्म

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में होमगार्ड जवान भोला राय ने खुद गोली खाकर भी पंजाब नेशनल बैंक को लूटने से बचाया।शुक्रवार की दोपहर 1 बजे पंजाब नेशनल बैंक लूटने के लिए घुसे अपराधियों से जवान भिड़ गया। जवान के थ्री नॉट थ्री रायफल तानने पर अपराधियों ने 7.65 एमएम पिस्टल से गोली मार दी।

गोली जवान की जांघ में लगी है। गोली लगने से जख्मी होने के बाद बावजूद भोला राय ने पिस्टल से लैस 5 अपराधियों को करीब सवा मिनट तक रोके रखा। इसी बीच बैंक मैनेजर ने चालाकी दिखाई और ग्राहकों के बीच घुसकर अलार्म बजा दिया। अलार्म बजते ही अपराधी होमगार्ड जवान की रायफल लेकर भाग निकले। जख्मी जवान का एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। पूरा मामला कांटी नया चौक के ओवरब्रिज के पास पंजाब नेशनल बैंक का है। पूरी वारदात बैंक के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

### बैंक के सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

जवान की बहादुरी बैंक में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। करीब डेढ़ मिनट के फुटेज में सबसे पहले कैप लगाए दो युवक ग्राहक बनकर बैंक में एंट्री करते दिख रहे हैं। जिसमें एक युवक पहले बैंक के गार्ड के पास पहुंचाता है। फिर वह अपनी पिस्टल को कमर से निकाल कर सीधे गार्ड के सर पर लगा देता है। तभी दूसरा युवक भी अपनी पिस्टल निकालकर गार्ड को अपने कब्जे में लेने की कोशिश करता है। इसके बाद भी बैंक का सुरक्षा गार्ड उनके ऊपर राइफल तान देता है। फिर तीसरा अपराधी भी आता है और गार्ड को पिस्टल के बट से मारने लगता है। वो उसकी राइफल को छीनने की कोशिश करने लगता है। राइफल नहीं छीन पाने पर वो गार्ड के पैर में गोली मार देता है।

### दो अपराधी बैंक के बाहर कर रहे थे रेकी

बैंक में फॉर्म जमा करने आई चंद्रकला देवी ने बताया कि बैंक में घुसते ही अपराधी गेट पर खड़े गार्ड से धक्का-मुक्की करने लगे। जिसके बाद गार्ड को गोली मार दी। गोली चलते ही बैंक में अफरातफरी मच गई। बाहर से भी लोगों ने हल्ला शुरू कर दिया। बैंक ग्राहक मनोहर कुमार ने बताया कि अपराधी करीब 12 बजे के आसपास मार्केट के नीचे जमा हो गए थे। दो अपराधी बैंक के बाहर रेकी कर रहे थे, जबकि एक मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। वहीं, बाकी अपराधी बैंक में दाखिल हुए।

### दो की पहचान हुई

तिरहुत रेंज के आईजी शिवदीप लांडे ने कहा कि होमगार्ड जवान ने काफी दिलेरी दिखाई। इसी वजह से बैंक लूटने से बच गई। जवान को पुरस्कृत किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद दो अपराधियों की पहचान हो गई है। सभी जल्द ही पकड़े जाएंगे।



### अब पूरी कहानी होमगार्ड जवान भोला राय की जुबानी

घायल होमगार्ड जवान भोला राय ने बताया कि मैं बैंक के अंदर गेट पर बैठा था। इसी बीच मास्क लगाए पांच लोग बैंक में घुसे। शक होने पर उन्हें मास्क उतारने को कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। कहा कि मैनेजर को बुलाओ। मैंने कहा कि नए मैनेजर आए हैं, हम नहीं जानते हैं। इस पर एक अपराधी ने पिस्टल की बट से सिर पर मार दिया और एक ने पीछे से पकड़ लिया। फिर भी मैंने रायफल तान दी। इस पर एक अपराधी ने मुझ पर गोली चला दी। जांघ में गोली लगते ही मैं जमीन पर गिर गया।





## केके पाठक का पैटर्न फॉलो करेंगे बिहार के यूनिवर्सिटी और कॉलेज, मॉनिटरिंग के लिए 12 ग्रुप बनाए गए

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट शिक्षा विभाग लेगा। इसके लिए विभाग की ओर से नई व्यवस्था की गयी है, जिसमें 12 अलग-अलग समूह बनाये गये हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों को हर दिन पठन पाठन से संबंधित गतिविधियों की रिपोर्ट हर देना है। सभी सरकारी स्कूलों में यह काम पहले से चल रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा गठित हर समूह के लिए एक पदाधिकारी चिह्नित किये गये हैं, जो प्रतिदिन शाम में पांच बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी और कॉलेज प्राचार्य से रिपोर्ट लेंगे। विवि और कॉलेजों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति क्या रही, कितनी कक्षाएं चलीं, ये सभी जानकारी विभाग लेगा। साथ ही आवश्यक निर्देश भी संस्थानों को विभाग के द्वारा दिया जाएगा।

**साहसी युवाओं को नीतीश सरकार की सौगात, बिहार लघु उद्यमी योजना में 50 हजार का चयन :** इस व्यवस्था को लागू करने के लिए राज्य के उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों (नालंदा खुला विवि को छोड़कर) के कुलसचिवों को पत्र जारी किया है। विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव पटना विवि, पाटलिपुत्र विवि व जयप्रकाश विवि के अंगीभूत कॉलेजों की रिपोर्ट प्रतिदिन लेंगे। इसी प्रकार तमाम पदाधिकारियों को अलग-अलग संस्थानों की जिम्मेदारी दी गयी है। हर समूह में एक-एक सहयोग और डाटा इंट्री ऑपरेटर को भी रखा गया है ताकि, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की ओर से जो भी जानकारी दी जा रही है, वह विभाग में अंकित भी होता रहे। कॉलेजों के प्राचार्य स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे और तमाम जानकारी देंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस व्यवस्था से कॉलेजों और विश्वविद्यलयों में पठन पाठन का माहौल बनेगा और बिहार के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। फिलहाल, लेट सेशन और कॉलेजों में क्लास नहीं होना बिहार के विश्वविद्यालयों की बड़ी समस्या है जिसे पटरी पर लाने के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं।

### 26वें छात्र दरबार में 538 छात्रों को कुलपति ने दी डिग्री

**भागलपुर, एजेंसी।** टीएमबीयू के बहुद्देशीय प्रशाल में शुक्रवार को 26वें छात्र दरबार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने अध्यक्षता की। शनिवार को विश्वविद्यालय में अवकाश रहने के कारण छात्रहित को देखते हुए इस बार एक दिन पूर्व ही छात्र दरबार लगाने का निर्णय लिया गया। पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया की छात्र दरबार में डिग्री सर्टिफिकेट के 538, पीजी रिजल्ट के 10, यूजी पेंडिंग के 12, अंक पत्र के 03, एडमिट कार्ड के 02 मामले आए।

## बिहार से ठंड की विदाई शुरू-एक हफ्ते तक सामान्य बना रहेगा मौसम

### न्यूनतम-अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं

**पटना, एजेंसी।** बिहार से धीरे-धीरे ठंड की विदाई शुरू हो गई है। अगले एक हफ्ते तक मौसम सामान्य रहने की संभावनाएं जताई गई है। हालांकि आज हिमालय क्षेत्र से एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। इस वजह से भारत के कुछ राज्यों में बारिश देखने को मिल सकती है। बिहार में भी एक दिन 27 फरवरी को हल्की बारिश होने की संभावनाएं जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक हफ्ते तक प्रदेश के सभी जिलों में धूप निकलेगी न्यूनतम और अधिकतम तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगा। प्रदेश में कल शुक्रवार को औसत न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 28 और 29 फरवरी को छाई रहेगी धुंध

मौसम विभाग के अनुसार पटना समेत कई जिलों में 27 फरवरी को बारिश होने के बाद 28 और 29 फरवरी को हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 14 से 15 डिग्री और अधिकतम तापमान बढ़कर 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे माना जा सकता है कि मार्च के शुरुआत में गर्म मौसम शुरू हो जाएगा।



### मोतिहारी जिला रहा सबसे ठंडा

पिछले 24 घंटे के दौरान 9.6 डिग्री सेल्सियस के साथ मोतिहारी जिला सबसे ठंडा रहा है। इसके अलावा पटना का न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री, गया का 14.2 डिग्री, नवादा का 15.1 डिग्री, छपरा 14.3 डिग्री, औरंगाबाद 15.01 डिग्री, शेखपुरा 16.2 डिग्री, बांका 15.4 डिग्री, जमुई 16 डिग्री, भागलपुर 17.3 डिग्री और अररिया का न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### ठंड की विदाई होनी शुरू हो गई है

मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अगले 1 दिन तक ही रहेगा। अब धीरे-धीरे ठंड की विदाई शुरू हो जाएगी। दिन का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच तो रात का तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। पूरबा हवा भी चलेगी।

## एसपी ने 4 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

### गस्ती के दौरान पकड़े गए थे दो शराबी

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा एसपी अशोक मिश्रा ने चार पुलिसकर्मियों को पैसे के लेनदेन के मामले में निलंबित कर दिया है। पूरा मामला चण्डी थाना से जुड़ा हुआ है। 15 फरवरी की देर शाम चण्डी थाना में पदस्थापित पीएसआई अजीत कुमार गुप्ता, अमित कुमार, हवलदार शशिकांत कुमार सिंह पुलिस का एक जवान सोनू कुमार संध्या गस्ती में थे। तभी हरनौत की ओर से आ रहे बाइक सवार को चण्डी थाना की गश्ती वाहन ने नरसंडा मोड़ के पास रुकवाया। लेकिन बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगे, इसके बाद दोनों को खदेड़ कर बिहटा-सरमेरा टू-लेन के जैतीपुर के पास से पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों बाइक सवार नशे की हालत में थे। इसके बाद पुलिस मेडिकल जांच के लिए रेफर अस्पताल चंडी पहुँची। और शराब पीने की पुष्टि हुई। जिनकी पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के शंकर डीह गांव निवासी अमित कुमार और अनीश कुमार के रूप में की गई थी।



### छोड़ने के लिए 95 हजार खाते में ट्रांसफर कराया

हालांकि, गश्ती में मौजूद पुलिसकर्मियों के द्वारा अनीश और अमित को थाने नहीं ले जाया गया और उनदोनों को पुलिस गाड़ी में ही घूमते रहे और इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। चर्चा है कि शराब के नशे में पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से 95 हजार किसी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है। इसके बाद पुलिस ने न्यायिक हिरासत ना भेज कर स्वतः ही उन्हें छोड़ दिया। एसपी अशोक मिश्रा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के उपरांत चण्डी अंचल निरीक्षक से मामले की जांच करायी गई। जांच में मामला सत्या प्रतीत हुआ, इसके बाद दोषी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि एसपी ने यह नहीं बताया कि किस मामलें में सस्पेंड किया गया है।

### बिहार पुलिस ने आमस में कई कट्ठे में लगे अफीम की फसल को किया नष्ट

**पटना, एजेंसी।** आमस थाने की पुलिस ने सीओ के साथ गुरुवार को अफीम फसल की टोह में जंगल-पहाड़ों से लेकर सुदूर गांव-टोलों में छापेमारी अभियान चलाया। थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान झरी पंचायत के बघरमबा गांव के पास करीब पांच-छह कट्ठे में अफीम की खेती मिली। पुलिस अधिकारी व जवानों ने फूल निकल रहे अफीम फसल को पुरी तरह नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में अफीम की फसल उपजाये जाने की गुप्त सूचना पर सीओ साहब की नेतृत्व में छापेमारी अभियान के लिए टीम बनाई गई।

## पटना में पुलिस मित्रों पर बरसीं लाठियां; पुलिसकर्मियों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, BJP दफ्तर के बाहर कर रहे थे प्रदर्शन



**पटना, एजेंसी।** पटना में आज बड़ी संख्या में महिलाओं समेत ग्राम रक्षा दल (जीआरडी) के सैकड़ों सदस्य पुलिस से भिड़ गए। जिसके बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। राज्य भर से जीआरडी सदस्य बीरचंद पटेल पथ पर एकत्र हुए भाजपा कार्यालय की घेराबंदी करना शुरू कर दिया था। पुलिस ने बताया कि जीआरडी सदस्यों ने दैनिक भत्ता, मानदेय और ग्रामीण पुलिस और सरकारी स्कूलों के सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति में प्राथमिकता की मांग को लेकर पटना में सुबह 7 बजे से भाजपा कार्यालय के मुख्य द्वार के पास विरोध प्रदर्शन किया, जो लंबे समय से लंबित मांग थी। वे राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए भाजपा कार्यालय के पास एकत्र हुए। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ नारे लगाते हुए, जीआरडी सदस्यों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर, पटना में विरोध मार्च शुरू किया और भाजपा कार्यालय का घेराव किया। सूचना मिलने पर डीएसपी (विधि-व्यवस्था) और सदर एसडीओ मौके पर पहुंचे और प्रतिबंधित क्षेत्र वाली सड़क खाली नहीं करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। डीएसपी संजय कुमार ने उन्हें बताया कि राज्य विधानसभा चालू है और उनके आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उग्र होने प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए पुलिस ने ग्राम रक्षा सभा के कुछ नेताओं समेत कई जीआरडी सदस्यों को हिरासत में ले लिया, जिससे प्रदर्शनकारियों में आक्रोश फैल गया और वो पुलिस से भिड़ गए। जीआरडी एक अर्ध-सरकारी निकाय है और इसके 25 हजार से अधिक सदस्य हैं। जिनमें ज्यादातर सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर सुरक्षा कार्यों में लगे हुए हैं। जीआरडी सदस्य कई वर्षों से अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। 2018 में जीआरडी सदस्यों ने अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में पटना में 154 दिनों का धरना दिया था। बाद में उन्होंने 2019 और 2020 में भी विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी नीता कुमारी ने कहा कि हम ग्रामीण सुरक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं और गांवों में शांति सुनिश्चित करते हैं और नियमित पुलिस बल पर कानून और व्यवस्था के दबाव को कम करते हैं। लेकिन सरकार हमें बहुत कम मुहैया कराती है। हम अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और एक सभ्य दैनिक वेतन और अन्य सुविधाएं चाहते हैं। जीआरडी के एक अन्य सदस्य मुकेश कुमार ने हिन्दुस्तान से बात करते हुए बताया कि 2012 से उन्होंने अन्य लोगों के साथ मिलकर कोविड-19, लॉकडाउन, दुर्गा पूजा आदि के दौरान अपना कर्तव्य निभाया लेकिन सरकार ने उपेक्षा की। इस बीच डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने कहा कि सभी जीआरडी सदस्यों को आधिकारिक धरना स्थल गर्दनीबाग भेज दिया गया है।



### बिहार विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव का सामने आया डेट, 04 मार्च से होगा नामांकन

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधान परिषद की 11 सीटों पर 04 मार्च से नामांकन होगा. चुनाव आयोग ने इसका डेट जारी करते हुए कहा कि अगर चुनाव की जरुरत पड़ी तो 21 मार्च को मतदान होगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी समेत 11 सदस्यों का कार्यकाल 6 मई 2024 को पूरा हो रहा है. चुनाव आयोग की ओर से इससे पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. इसके तहत 4 मार्च को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.

**4 से 11 मार्च तक होगा नामांकन :** नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 11 मार्च है. जबकि नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी. 14 मार्च तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे. जरूरत पड़ने पर 21 मार्च को सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक वोटिंग हो सकता है. वोटिंग के बाद उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी और देर शाम तक चुनाव परिणाम की घोषणा कर दिया जायेगा. चुनाव आयोग के अनुसार चुनाव की पूरी प्रक्रिया 23 मार्च के पहले पूरी कर ली जाएगी.

**इनका कार्यकाल हो रहा है पूरा :** बिहार विधान परिषद के सदस्य खालिद अनवर, नीतीश कुमार, प्रेमचंद मिश्रा, मंगल पांडेय, राबड़ी देवी, रामचंद्र पूर्वे, रमईशबर महतो, संजय पासवान, शैयद शहनवाज हुसैन, संजय कुमार झा और संतोष कुमार सुमन का कार्यकाल पूरा हो रहा है.

## संक्षिप्त समाचार

### मठिया गांव में अविवाहिता का शव फंदे से लटका मिल, पुलिस जाँच मे जुटी




**बेतिया।** लौरिया प्रखंड क्षेत्र के मठिया गांव के वार्ड 8 में एक अविवाहिता का शव फंदे में लटकता हुआ बरामद हुआ है। अविवाहिता ने स्वयं आत्महत्या की या किसी ने उसकी हत्या कर शव को फंदे में लटका दिया, पुलिस इसकी जांच कर रही है क्योंकि यह मामला संदेहास्पद स्थिति में है कि यह हत्या है या आत्महत्या है। घटना शुक्रवार के शाम करीब दस बजे की बताई जा रही है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस बेतिया गवर्मेंट अस्पताल भेज दी है। फिलहाल मृतिका के परिजनों ने कोई आवेदन नहीं दिया है। बतादे कि मृतिका मोहन राम की पुत्री मनीता कुमारी 18 वर्ष बीते शुक्रवार के शाम में अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मां गांव में ही बाहर कहीं निकली हुई थी और छोटा भाई कोचिंग करने गया था, जबकि उसके पिता दूसरे प्रदेश में दहाड़ी पर काम करने गया हुआ था। जब तक उसकी मां और भाई घर आते उसके पहले ही उसने आत्महत्या कर ली थी। पूर्व में मृतिका का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 2022 में एक लड़के के साथ उसका वीडियो प्रेम प्रसंग का वायरल हुआ था। उस समय इसकी उम्र 17 वर्ष थी। जिस कारण लड़का को पुलिस गिरफ्तार कर पास्को एक्ट के तहत जेल भेज दी थी। करीब छः माह पहले लड़का जेल से छूट कर आया है। मृतिका ने क्यों और किस हालत में आत्महत्या की या किसी ने उसकी हत्या कर आत्महत्या में तब्दील करने की कोशिश की। इसका सही जवाब और हल पुलिस अनुसंधान के बाद ही मिलेगा। फिलहाल मृतिका के परिजनों द्वारा अभी कोई आवेदन नहीं थाना को दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस जांच शुरू कर दी है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और बहुत जल्द इस कांड का खुलासा भी हो जाएगा। फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### मिश्राटोला मे गोली लगने से एक वृद्ध हुआ गंभीर रूप से घायल



**बेतिया।** लौरिया नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 6 मे शुक्रवार की देर शाम गोली लगने से एक 55 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना की सुचना पर पहुंची लौरिया थाने की पुलिस ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक डा अंजारुल हक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेतिया गवर्मेंट हास्पीटल रेफर कर दिया । घायल व्यक्ति की पहचान स्व रामधनी भगत के 55 वर्षीय पुत्र ललन भगत के रूप मे हुई है। ललन भगत के तीन पुत्र है दिलीप भगत, संदीप भगत, व रामबाबु भगत हैं। ललन भगत पर गोली कौन चलाया और कैसे लगी इस संबंध में परिजन कुछ भी बताने से परहेज़ कर रहे हैं। परंतु जांच के बाद एवं ललन के फर्द बयान पर ही निर्भर करता है की गोली उसे किसने और क्यों मारी। इस सम्बंध में लौरिया थाने के अपर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि अभी न ही किसी तरह का फर्दबयान हुआ है न आवेदन मिला है। पुलिस घटना की जांच कर रही है दोषी बख्से नही जायेंगे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा देवराज पब्लिक स्कुल का तीसरा वार्षिकोत्सव



**बेतिया।** लौरिया प्रखंड के सिसई पंचायत के सिकटा स्थित देवराज पब्लिक स्कुल में मनाये जाने वाले तिसरे वार्षिकोत्सव जो 9 मार्च को होना है जिसमे मुख्य अतिथि नरकटियागंज विधायक रश्मी वर्मा होंगी। स्कूल के फाउंडर हाजी एंव सेवानिवृत शिक्षक म इस्कुल्लाह ने बतायी की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवराज पब्लिक स्कूल वार्षिकोत्सव मनाने जा रहा है जिसमे क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति सह प्रखंड प्रमुख शम्भू तिवारी स्कूल के वार्षिकोत्सव मे उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस वार्षिकोत्सव में इंजिनियर नौशाद व आशुतोष मल्ल भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक के बारे में विद्यालय के डायरेक्टर इंजिनियर अफरोज आलम ने बताया कि शिक्षा और संस्कार ही जीवन को नया रुप देते हैं हमे समाज को शिक्षीत एवं संस्कृतिक करने के लिये प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओ को अपनी प्रतिभा निखारने का भी मौका मिलेगा। इसमे देश भक्ति पूर्ण नाटक फैंसी ड्रेस प्रतियोगीता का भी आयोजन होने हैं। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को पुरस्कृत भी किया जायेगा। मौके पर प्राचार्य राजा कुमार शिक्षक अभीषेक कुमार निप्पु कुमार विनय कुमार नाहिदा परवीन पूजा कुमारी शगुफ्ता परवीन सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**बेगूसराय।** बछवाड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत स्थित चौक चौराहे पर बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। श्री सिन्हा के आगमन की सूचना मिलते ही उनके आगमन से पूर्व ही प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ता बेगूसराय समस्तीपुर जिला के सीमा रसीदपुर पहुंच कर उनके आगमन का इंतजार करने लगे। श्री सिन्हा के रसीदपुर सीमा पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ जयकारा लगाते हुए अभिवादन किया और फूल माला से भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने जयकारा लगाते हुए बछवाड़ा प्रखंड के सीमा तक चलते रहे।

## शुद्ध पानी के लिए कई वर्षों से तरस रहे है लोग

**रामनगर।** प्रखंड के पंचायत सोहसा छौघरिया के वार्ड नम्बर 10 व 11 में कई वर्षो से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है बताया जा रहा है कि इस पंचायत में नल जल योजना का शुभारंभ किया गया था। जिसके बाद लग भाग दो वर्ष तक लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति होती रही उसके बाद वार्ड सदस्य के द्वारा इसकी जानकारी मुखिया को दी गई। मुखिया के द्वारा इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जिसका परिणाम हुआ कि वार्ड से नल जल ही गायब हो गया। जिससे क़रीब 5 हज़ार आबादी प्रभावित हो गई। जिसे देख वार्ड के लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नल जल योजना पंचायत के वार्डो के घरों तक नहीं पहुंच रहा है। पानी की सप्लाई के लिए टावर भी खड़ा कर दिया गया है लेकिन संबंधित पदाधिकारी की उदासीनता के कारण लोगों के घरों तक नल का जल नहीं पहुंच सका दोनों वार्डो में टंकी लगी है लेकिन पानी की एक बूंद भी नहीं टपकता यह हाल दो-चार दिनों से नहीं है बल्कि लग भाग एक वर्षो से ऐसे ही चल रहा है प्रारंभिक दौर में लोगों को इसका भरपूर लाभ मिला लेकिन अब शुद्ध जल नही मिल रहा है। वार्डो में बोरिंग नल पाइप बिछा कर सिर्फ कोरम पुरा किया गया है। सरकार के द्वारा गावों में शहरों जैसी सुविधा मुहैया कराने के लिए सात निश्चय योजना की शुरुआत की गई थी। पानी आपूर्ति के लिए टावर खड़ा कर दिया गया है लेकिन गांव में बने टावर अब सिर्फ तस्वीर बनकर रह गया है। वहीं वार्ड संख्या 10 के वार्ड सदस्य जिन्दर मिया ने बताया की नेता जी के मरने के समय एक साल बंद था। स्टेपलाइजर नहीं होने के कारण बार बार मोटर जल गया है और 11 नम्बर में यहीं हाल है मोटर निकलते समय नीचे गिर गया है। वह भी आज तक नहीं निकला है जानकारी मुखिया जी को दी गई है। लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन मिल रहा है की इसको सुधरवा देते हैं। किसका नतीजा की वार्डो के घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

**टीबी मुक्त अभियानः प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने में ठाकुड़बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति निभा रही हैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका**

# टीबी मरीजों के बीच हुआ फूड पैकेट वितरण, मरीजों को गोद लेने कि की गई अपील

चाणक्य भूमि। छपरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष - 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके लिए टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए अपील की जा रही है। उक्त बातें जदयू के प्रदेश सचिव सह बैकुंठपुर (गोपालगंज) के पूर्व विधायक मंजीत सिंह ने छपरा शहर स्थित साधनापुरी में ठाकुड़बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा आयोजित टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट वितरण समारोह के दौरान कही। निजी संस्था के संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह द्वारा आयोजित टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन जदयू नेता मंजीत सिंह और संस्था की संस्थापिका सचिव डॉ अंजू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जबकि इस अवसर पर सदर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य सह समाजसेवी राजवंशी सिंह, डीटीसी के डीपीसी हिमांशु शेखर, सिफार के डीपीसी धर्मेन्द्र कुमार रस्तोगी, डॉ अल्का सिंह, धुरेंद्र सिंह, सुमन सिंह, अनिशा, निधि सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन आरजे रजत ने किया जबकि आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक सचिव डॉ अंजू सिंह ने की। कार्यक्रम शुरू होने से पहले प्रियंका, गिरजा सहित कई अन्य बच्चियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।




**किसी संस्था या व्यक्ति द्वारा इतनी बड़ी संख्या में टीबी मरीजों को गोद लेना अपने आप में बड़ी उपलब्धिः मंजीत सिंह**

जदयू के प्रदेश सचिव सह पूर्व विधायक मंजीत सिंह ने टीबी मरीजों की बीच फूड पैकेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिला समाज सेवी डॉ अंजू सिंह द्वारा एक ही साथ टीबी के 30 मरीजों को गोद लिया गया है जो अपने आप में बहुत बड़ा कदम है। शायद अभी तक इतनी बड़ी संख्या में किसी संस्था या व्यक्ति के द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद नही लिया गया है। किसी संस्था या व्यक्ति के द्वारा गोद लेकर फूड पैकेट वितरण करना कही ना कही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने में महती भूमिका होगी। हालांकि सरकार के अलावा स्वास्थ्य विभाग भी इसके लिए प्रचार किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग निक्षय मित्र बनकर देश से टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाया जा सके।

**टीबी मरीजों को पोषण के साथ- साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध करा निभा सकते हैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाः निक्षय मित्र**

ठाकुड़बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति की संस्थापिका सह सचिव डॉ अंजू सिंह ने कहा कि टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए सामान्य नागरिक, गैर सरकारी संस्थान एवं ज़िले के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए स्वास्थ्य विभाग और हमारी संस्था के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। हम जैसे निक्षय मित्र टीबी मरीजों को पोषण के साथ- साथ रोजगार के लिए अवसर उपलब्ध कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि टीबी जैसी बीमारी का इलाज जिला से लेकर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में विभागीय स्तर पर किया जाता है। वैसे हमलोग भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीबी मरीजों सहित कई अन्य बीमारियों से पीड़ित रोगियों से मिलकर दुःख दर्द से वाकिफ होते हैं।

**इस स्थान के मरीजों के बीच किया गया फूड पैकेट वितरणः डॉ अंजू सिंह**

डॉ अंजू सिंह ने बताया कि सदर प्रखंड के मगाईडीह, नेवाज़ी टोला और सांढा ढाला के अलावा बड़ा तेलपा, छोटा तेलपा, दहियावां, गांधी चौक, साहेबगंज, करीमचक, अस्पताल चौक, कटहरी बाग, मासूमगंज, गुदरी बाजार, नबीगंज, शिया मस्जिद, नारायण चौक, मखदूमगंज, मोहन नगर और योगिनियां कोठी के 30 टीबी मरीजों के बीच फूड पैकेट का वितरण किया गया है। टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार के रूप में चना, गुड़, दाल, चावल, सोयाबीन और तेल का पैकेट दिया गया है ताकि जल्द से जल्द रोगी ठीक हो सकें।

**निक्षय मित्र बनने वाले इच्छुक व्यक्ति नजदीकी अस्पताल से कर सकते है संपर्कः डीपीसी**

जिला यक्ष्मा केन्द्र के जिला योजना समन्वयक (डीपीसी) हिमांशु शेखर ने कहा कि निक्षय मित्र बनने के लिए communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करने के बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान पर क्लिक करने के बाद निक्षय मित्र के आवेदन पत्र पर क्लिक कर अपनी पूरी जानकारी देते हुए आसानी से इस अभियान के साथ जुड़ा जा सकता है।

इसके अलावा भी कोई भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था निक्षय बनने के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान या संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकता है। हालांकि टीबी की बीमारी कुछ वर्ष पहले तक दूसरे नज़रों से देखा जाता था लेकिन अब इसका इलाज आसानी से हो रहा है। जबकि सबसे अहम बात यह है कि सरकारी अस्पतालों में इस बीमारी से संबंधित उचित परामर्श, जांच, इलाज के साथ ही दवा का वितरण पूरी तरह से निःशुल्क किया जाता है।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह का हुआ आयोजन





चाणक्य भूमि। छपरा

प्रखंड के भटगाई पंचायत के परौना- नारायणपुर के मैदान में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भटगाई पंचायत के मुखिया ओम प्रकाश राम ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का जन्म वाराणसी के पास के एक गांव में हुआ था। रविदास जयंती के दिन संत रविदास जी की पूजा की जाती है, शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं और भजन कीर्तन कर उनको याद किया जाता है। उन्हें संत रविदास, गुरु रविदास, रैदास और रोहिदास जैसे कई नामों से जाना जाता है। संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास जी ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उन्होंने लोगों से रविदास जी के बताए रास्ते पर चलने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता देवनाथ राम, मुन्ना राय, रामायण राम, बलिराम राम ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता सतन कुमार ने किया जबकि मंच संचालन धर्मेंद्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रेमनाथ राम ने किया। मौके पर धीरज कुमार, निर्मल कुमार, चन्द्रमा राम, रूपेश कुमार, रघुराम, अनिल कुमार, नितेश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## डकैती की योजना बना रहे छह अपराधी अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता**

*1. गोलू कुमार प्रसाद, पिता-गुड्डू प्रसाद, सा०-पहाड़पुर, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*
*2. अभय कुमार, पिता-मनोज भगत, सा०- अमनौर हरनारायण, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*
*3. विक्की कुमार, पिता-सुनील राय, सा०-अमनौर हरनारायण, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*
*4. मिथुन कुमार यादव, पिता-तारकेश्वर यादव, सा०- गरौल, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*
*5. रोहित कुमार, पिता-संतोष सिंह, सा०- गरौल, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*
*6. सुजीत कुमार, पिता-भरत राय, सा०- गरौल, थाना-अमनौर, जिला-सारण।*

चाणक्य भूमि। छपरा

अमनौर थाना पुलिस टीम ने डकैती की योजना बना रहे छह अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस टीम ने बताया है कि उन्हें गुप्त सुचना मिली कि अमनौर सुल्तान स्थित स्टेट बोरिंग के पास कुछ अपराधी डकैती की योजना बना रहे है। उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए छह अपराधियों को 2 देशी कट्टा, 3 जिंदा कारतूस, 1 खोखा, 6 मोबाइल एवं 1150/- रु० के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछ-ताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा अमनौर थाना कांड संख्या-42/24 में लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गयी है। इस संबंध में अमनौर थाना कांड सं०- 43/24, दिनांक-23.02.24, धारा-399/402/412 भा०द०वि० एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स अधि0 दर्ज किया गया है।

### ट्रक से 61 किलोग्राम गांजा बरामद, चालक गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। नवादा

जिले के नगर थाना पुलिस ने नवादा- हसुआ पथ पर शोभिया कृषि फार्म के पास छापामारी कर ट्रक से ले जाये जा रहे 61 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मौके पर चालक को गिरफ्तार कर ट्रक जप्त कर लिया। इस बावत अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की है। बताया जाता है कि पुलिस को झारखंड की ओर से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक नम्बर बी आर 01 जी ई 5638 से गांजा लेकर नवादा से गया की ओर ले जाये जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के आलोक में सद्भावना चौक के पास जाल बिछाया गया। ट्रक पर नजर पड़ते ही सतर्क पुलिस के जवानों ने रुकने का इशारा किया। पुलिस पर नजर पड़ते ही चालक तेजी से वाहन हिसुआ की ओर भगाने लगा लेकिन पुलिस ने पीछा कर शोभिया कृषि फार्म के पास धर दबोचा। सदर बीडीओ की मौजूदगी में ट्रक की ली गयी तलाशी में ट्रक की सीट के नीचे 61 पैकेट गांजा बरामद होते ही ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के सन्दोहरा गांव के विशेश्वर पासवान के पुत्र सुबोध पासवान के रूप में की गयी है। इस बावत अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है।

## लोकसभा चुनावः सेक्टर पदाधिकारी करते रहें मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम व एसपी ने किया सोनपुर में सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक**

चाणक्य भूमि। छपरा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने शनिवार को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्ति किए गए सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। सोनपुर अनुमंडल के परसा एवं सोनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्त किए गए सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से एक-एक कर सम्बद्ध मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।



सभी पदाधिकारियों को अभी से लेकर चुनाव समाप्ति तक उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्हें संबद्ध मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक स्थिति के संबंध में भी विस्तृत आसूचना संकलन सुनिश्चित करने को कहा गया। जमीनी वस्तु स्थिति के आधार पर वल्नरेबल (भेद्य) व्यक्ति, समूह, टोले की पहचान करने के साथ साथ भेद्यता के कारक तत्वों की भी पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया। भेद्यता का मानचित्रण कैसे करें, इस संबंध में स्पष्ट एवं विस्तृत जानकारी दी गई। सभी सेक्टर पदाधिकारियों को संबद्ध मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण कर सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करते रहने को कहा गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सारण जिला प्रशासन से सम्बद्ध सभी कार्यालयों के कर्मियों को सिखाया गया कार्यालय प्रबंधन का गुर

चाणक्य भूमि। छपरा

जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर शनिवार को जिला प्रशासन, सारण से संबंधित सभी शाखाओं एवं कार्यालयों में बेहतर कार्य प्रबंधन प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु आज छपरा प्रेक्षागृह में एक दिवसीय उन्मुखीकरण-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी कार्यालय प्रधान के साथ साथ संबधित कार्यालयों के सहायकों को भी बेहतर कार्यालय प्रबंधन प्रणाली को लेकर ध्यान रखने योग्य बातों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने अपने संबोधन में इस कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये कहा कि सभी कार्यालयों में सकारात्मक



कार्य संस्कृति का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्यालयों में पदाधिकारी एवं कर्मी समय पर उपस्थित होकर अपनी हाजिरी दर्ज करें। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय अवधि में आईडी कार्ड का जरूर उपयोग करें। सभी कार्यालयों में सभी सहायकों का नाम, पदनाम एवं कार्यदायित्व का प्रदर्शन उनके कार्यालय डेस्क पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित होना चाहिये। सभी कार्यालय प्रधान संबंधित कार्यालय को एक टीम की तरह संचालित करें। कर्मियों की कार्य कुशलता एवं कार्य क्षमता के अनुरूप कार्यों का आवंटन करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी पदाधिकारी या कर्मी की कार्य शिथिलता के कारण किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिये। अपने पूर्व के अनुभवों के आधार पर उन्होंने कुछ उदाहरण के माध्यम से भी स्थितियों को समझाने का प्रयास किया कि कैसे कार्य शिथिलता के कारण असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। कुछ कार्यों के लिये चेकलिस्ट तैयार किया जाना अनिवार्य होता है।ऐसे कार्यों से संबंधित संचिकाओं को निर्धारित चेकलिस्ट के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने के उपरांत ही अग्रसारित किया जाना चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संचिकाओं का ससमय निष्पादन अत्यंत महत्वपूर्ण है। तीन दिनों के अन्तर्गत संचिकाओं के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कर्मियों को उनकी कार्य कुशलता एवं दक्षता के आधार पर अलग अलग श्रेणियों में बांटा जायेगा। प्रत्येक लिपिक को अपने बेहतर रुचि के तीन विषय वस्तुओं की जानकारी देने को कहा गया। इस जानकारी के संकलन के आधार पर विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन की सूची तैयार की जायेगी। नये कर्मियों को भी उनकी रुचि के विषय वस्तु में दक्ष बनाने का प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यालय में आगत पत्रों के लॉगबुक का विधिवत संधारण सुनिश्चित किया जाना चाहिये।आगत पंजी में दर्ज पत्रों के निष्पादन का प्रत्येक माह के अंत में समेकित रिपोर्ट का संकलन प्रधान लिपिक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगे। श्री समीर ने कहा कि पदाधिकारी एवं कर्मियों की सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हें सम्मानपूर्वक विदा करने की परंपरा होनी चाहिए। इसी प्रकार पदाधिकारियों के अन्यत्र स्थानांतरण के उपरांत उन्हें भी सम्मानपूर्वक विदाई दी जानी चाहिये। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कहा कि बेहतर कार्य प्रबंधन से समस्त कार्यों का ससमय निष्पादन होगा तथा किसी भी तरह के अनावश्यक तनाव भी नहीं होगा। विभिन्न शाखाओं के अनुभवी प्रधान सहायकों द्वारा कार्यालयों के बेहतर प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बातों के बारे में एक एक कर बताया गया। डाक मैनेजमेंट, पत्राचार, विधि व्यवस्था, टिप्पणी लेखन, सेवा एवं सेवांत लाभ से संबंधित मामलों के निष्पादन, भविष्यनिधि के मामलों, आपदा प्रबंधन, राजस्व , नजारत, विधि,वित्तीय नियमों के अनुपालन की प्रक्रिया आदि के बारे में एक एक कर बताया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं इन सभी कार्यालयों के लिपिक उपस्थित थे।

# दंगल प्रतियोगिता में महिला पहलवानों का रहा दबदबा, दो दर्जन पुरुष व महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम

## चंचल बाबा और विधायक ने किया उदघाटन

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया





शनिवार को रतन माला पंचायत के वनस्पति माई स्थान छवरहिया में आयोजित दो दिवसीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या के सुमंत दास ने यूपी मोहबा के पहलवान ने शमशेर पहलवान को पटखनी देकर दंगल को रोमांचकारी बना दिया।बड़े ही फुर्तीले ढंग से उसने धोबिया पाट देकर चारो खाने चित कर दिया और खूब तालियां बटोरी।वही पटना की बीएमपी महिला पहलवान ने झारखंड की प्रियंका पहलवान को पटका।नेपाल मिर्जापुर से आये पहलवानशिव शंकर ने बाल्मीकिनगर केसंजय पहलवान को मात दी।बताते चले कि दंगल प्रतियोगिता को देखने के लिये बड़ी भीड़ उमड़ी।खासकर युवा वर्गों में उत्साह देखा गया।पूर्वी चंपारण जिला के बापूधाम से पधारे संत चंचल बाबा,चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह और बिहार केशरी शिवनाथ पहलवान ने दंगल प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन किया।पहले दिन लगभग दो दर्जन पहलवानो ने जोरआजमाइश की।दंगल को सफल बनाने में पैक्स अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,मृत्युंजय उर्फ कन्हैया पांडेय ,मुखिया निर्मला तिवारी समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# लाभार्थी सम्मेलन में केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

## अहवर के पासवान चौक पर संपन्न सम्मेलन में पूर्व डिप्टी सीएम रही मौजूद

चाणक्य भूमि। (कनकलता) बेतिया



शनिवार को अहवर कुड़िया पंचायत के पासवान चौक पर आयोजित लाभार्थी सम्मेलन के तहत पीएम नरेंद्रमोदी के पत्रक को जनता के बीच बांटा गया और मोदी की गारंटी पर विस्तृत चर्चा की गयी।पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को विकास पुत्र बताते हुए केंद्र सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी कार्यो का उल्लेख किया।उन्होंने पीएम के पत्रक को लाभुको को2 पेश किया तथा कहा कि लाभार्थियों की सम्रद्धि ही मोदी की गारंटी है।समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता दीपू कुमार कुशवाहा ने की।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र कुमार सर्राफ नेमोदी के पत्रक को जनता के समक्ष पढ़कर सुनाया ,जिसमे उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी के लिए चार जात सर्वोपरि है जिनमें गरीब,युवा,किसान और महिलाओं को दर्शाया गया है।अध्यक्षीय भाषण में दीपू कुशवाहा ने गरीब कल्याण,युवा उत्थान पर फोक्स किया।सम्मेलन में आवास योजना,पीएम सम्मान निधि योजना,उज्जवला योजना,शौचालय योजना आदि के लाभुक भारी संख्या में शामिल रहे।सम्मेलन को संदीप श्रीवास्तव,रामेश्वर प्रसाद,लक्ष्मण प्रसाद,हरिशंकर शर्मा तथा कमल मुखिया ,सजली गुप्ता,अखिलेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

# जल्द ही नगर को मिलेगी जल जमाव जैसी समस्या से छुटकारा

**दिल्ली के मे. सीके इंफ्रा एवं बिल्डनल इंजीनियर्स कराएगी 56.96 करोड़ लागत वाले स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माणःगरिमा**

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना लि. की जिला इकाई के परियोजना निदेशक के द्वारा ई.निविदा के माध्यम से कर दिया गया है कार्य को आवंटित,**

**अगले 24 माह में ही पूरा हो जाएगा सघन शहरी क्षेत्र में स्वीकृत कुल 18,050 मीटर विस्तार वाले स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण,**

चाणक्य भूमि। बेतिया

नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि अब नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र की आबादी को बरसाती जल जमाव की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। इसके लिए स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावी बनाने वाली मेरी सबसे महत्वाकांक्षी योजना को नगर विकास एवम आवास विभाग से मंजूरी के बाद बुडको अर्थात बिहार शहरी आधारभूत संरचना लिमिटेड के जिला शाखा के द्वारा अनुबंध किया गया है। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बुडको के परियोजना निदेशक के द्वारा ई.निविदा के माध्यम से अनेक दावेदार संवेदकों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। जिनमें से प्रीतमपुरा दिल्ली के संवेदक मेसर्स सीके इंफ्रा लिमिटेड एवम मेसर्स बिल्डनल इंजीनियर्स का चुनाव भी कर लिया गया है। उक्त एजेंसी के साथ विगत 12 फरवरी को बुडको प्रशासन के स्तर से 24 माह में आवंटित कार्य पूरा करने के साथ स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम में आवश्यकता अनुसार रख रखाव के लिए भी योजना हस्तांतरित होने के तीन साल बाद तक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट का शहरवासियों को लंबे समय से इंतजार था। चिन्हित क्षेत्रों में जलभराव की ज्यादा समस्या है। हल्की बारिश में भी यहां पानी भर जाता रहा है। उन्होंने कहा कि स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम से बारिश का पानी कहीं रुकेगा नहीं। महापौर श्रीमती सिकारिया ने अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताया कि स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाया जाता है। इसमें सीवरेज से अलग कॉलोनियों में सड़कों के साथ-साथ अंडर ग्राउंड नाले का निर्माण किया जाता है। इसका लेवल इस तरह से तैयार किया जाता है, जिसमें तेजी से बारिश के पानी की निकासी हो सके। इस सिस्टम से कहीं पर नाले ओवरफ्लो जैसी समस्या नहीं हो पाती है। उन्होंने बताया कि चयनित योजनाओं में नगर थाना से अधरी चुनरी नदी आउट फॉल तक 7000 मीटर,नगर थाना से किशुन बाग होते हुए गयासुद्दीन के घर के आउट फॉल तक 2250 मीटर का स्टार्म वाटर ड्रेनेज निर्माण शामिल है। इसी प्रकार डीएम आवास से सर्किट हाउस मुहर्रम चौक होते हुए स्टेशन चौक पुल तक एवं कलेक्ट्रेट चौक से केदार पांडे गर्ल्स हाई स्कूल आउट फॉल में मिलने तक 1600 मीटर का स्टार्म वाटर ड्रेनेज स्वीकृत हुआ है। इसके अलावे गैस लाल चौक से भोला कुमार के घर के पास नाला से मिलने तक 800 मीटर तक और नगर में सत्यनारायण पेट्रोल पंप के पश्चिम आलोक भारती चौक होते हुए संतावन बाबा मठ के चंद्रावत नदी में आउट फॉल तक 1000 मीटर स्टार्म वाटर ड्रेनेज शामिल है। वही हरनाथ स्कूल से डॉ.दिनेश राय के क्लीनिक से उत्तर द्वार देवी चौक होते हुए एनएच 727 डॉ. नासिर अली के क्लीनिक के पीछे आउट फॉल तक रेलवे चाट 1800 मीटर तथा तरुण मुखर्जी चौक से संत तेरेसा चौक, कोयला डिपो, कमलनाथ नगर, सुप्रिया सिनेमा होते हुए रेलवे लाइन चाट तक आउट फॉल तक 1600 मीटर और आलोक भारती चौक से मीना बाजार सब्जी मंडी होते हुए जगदंबा नगर पुल चंद्रावत नदी आउट फॉल तक 1000 मीटर के साथ सागर पोखरा चौक से पायोनियर कोचिंग सेंटर तक एवं दुर्गाबाग पूरब गेट से वन विभाग कार्यालय, एजी मिशन स्कूल होते हुए कोहड़ा नदी आउट फॉल तक 1000 मीटर का स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम स्वीकृत हुआ है। श्रीमती सियारिया ने बताया कि सघन शहरी क्षेत्र में स्वीकृत कुल 18,050 मीटर विस्तार वाले स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम पर 57 करोड़ से भी अधिक की लागत आएगी।

# होमगार्ड जवान की बहादुरी से बड़ी दुर्घटना टली

चाणक्य भूमि। बेतिया



आज दिनदहाड़े स्टेशन चौक पर पिस्टल से फायरिंग करने की कोशिश करते अपराधी को होमगार्ड के जवान ने पकड लिया जिससे एक बड़ी अनहोनी होते होते रह गई। पकड़े गये अपराधी का नाम विशाल है जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरवत पसराइन का रहने वाला है। होमगार्ड के जवानों की बहादुरी से एक बड़ी आपराधिक घटना घटने से बचा लिया। हुआ यह कि स्टेशन चौक के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसके बाद एक बाइक चालक ने दूसरे बाइक चालक पर बन्दूक से फायरिंग करने की कोशिश की जिससे दूसरा युवक भागने लगा। इस घटना को स्टेशन चौक पर तैनात होम गार्ड के जवान शमसुल होदा व अजय कुमार झा ने जैसे ही देखा उनलोगों ने बहादुरी का परिचय देते हुये युवक को पिस्टल के साथ पकड लिया। उसके बाद इसकी सूचना नगर थाने को दी गई सूचना के बाद पुलिस ने युवक को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है और इस बात की जाँच में लगी है कि युवक उसकी हत्या क्यूँ करना चाह रहा था और उसे वह बंदूक कहाँ से मिली।

# एसटीएफ ने उड़ीसा से टॉप सूची में शामिल अपराधी को किया गिरफ्तार

चाणक्य भूमि। बेतियां

एससीडीपीओ सदर महताब आलम ने बताया कि बिहार एसटीएफ ने उड़ीसा से 19 कांडों का अपराधी सुरेश साह पिता राम बचन साह बहुवर्वा थाना पुरुषोत्तमपुर को गिरफ्तार किया । प्रेस वार्ता करते हुए एससीडीपीओ सदर महताब आलम ने कहा कि सुरेश साह पर करीब 19 अपराधिक कांड दर्ज है । विशेष कर एनडीपीएस एवं आर्म्स एक्ट के केस दर्ज है ।इसकी गिरफ्तारी पलांगीर नगर थाना उड़ीसा से की गई है ।

# नौतनवा गांव में भूमि विवाद में चार जख्मी अस्पताल में भर्ती

चाणक्य भूमि। बेतिया

सेमरा थाना क्षेत्र के नौतनवा गांव में शनिवार की दोपहर भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो के बीच हुई मारपीट में दो महिला समेत चार लोग जख्मी हो गए परिजनो द्वारा घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सक डा. वीरेंद्र कुमार ने घायलों की प्राथमिक उपचार किया और बताया कि इलाज के बाद सभी की स्थिति सामान्य है चिकित्सक ने बताया कि घायलों में क्रमश अंशु कुमारी, सोनम कुमारी, सुखल राम तथा राकेश कुमार शामिल है। इलाज के बाद स्थिति सामान्य है व सभी खतरे से बाहर है इलाज जारी है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

चाणक्य भूमि। नरकटियागंज

शनिवार को रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा टी पी वर्मा कॉलेज के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी एक ऐसी संगठन है जो समाजहित में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है चाहे चिकित्सा के छेत्र हो या गरीब असहायों तक मदद पहुंचाने की बात हो। क्रोनाकाल में भी इस संगठन का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सारी बातों को अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस का विचार 1859 में हेनरी दुनांत द्वारा नियोजित किया गया था। जब उन्होंने चालीस हजार से अधिक सैनिकों को सुलफेरिन के युद्ध के मैदान में घायल और मरते देखा था। उनके गंभीर प्रयासों के परिणामस्वरूप, यह संगठन बीमार, असहाय और पीड़ित मानवता की देखभाल के लिए एक अंतरराष्ट्रीय निकाय के रूप में 1863 में अस्तित्व में आया। आज वही संस्था नरकटियागंज में भी बेहतर काम कर रही है। इसके लिए उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम में शामिल तमाम सदस्यों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार बलविंदर सिंह ने किया। जबकि मंच का संचालन शिक्षक सह युवा कवि मुकुंद मुरारी राम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रगान गाकर किया गया। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसएसबी 44 वी वाहिनी के सेनानायक बलवंत सिंह, न्यू स्वदेशी शुगर मिल के मुख्य प्रबंधक चंद्र मोहन, मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार बलविंदर सिंह, सचिव डॉ आफताब आलम, उपाध्यक्ष डॉ फैसल सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष विकास कुमार व संयुक्त सचिव संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए 44 वी वाहिनी के सेनानायक बलवंत सिंह ने कहा कि नरकटियागंज रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम अपने क्षेत्र में प्रत्येक आपदा के समय पीड़ितों के साथ कदम से कदम मिलाकर चला है तथा लोगों की कल्याण के लिए मदद भी किया है। अब सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ एसएसबी के जवान भी रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ कदम से कदम मिलाकर पीड़ित लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में समाज सेवा करने वाले समाजसेवियों को मोमेंटो, अंग वस्त्र तथा प्रकाशित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉक्टर एके सिंह, शंकर शरण सिंह, वर्मा प्रसाद, डॉक्टर सामरीन तबरेज, इमरान खान, नजरुल हसन, मुकुंद मुरारी राम,अवध किशोर सिन्हा, इफ्तिखार अहमद, सुनील वर्मा, गुलरेज अख्तर आदि को सम्मानित किया गया।

































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714